भारतीय रिज़र्व बैंक सर्विसेज़ बोर्ड, मुंबई

विज्ञापन सं. 4ए / 2007-08 **तार का पता : "सर्वबोर्ड", मुंबई**

(यह विज्ञापन और आवेदन फार्म भारतीय रिज़र्व बैंक की वेबसाइट, www.rbi.org.in से प्राप्त किया जा सकता है)

1.भारतीय रिज़र्व बैंक (भारिबैं/बैंक) में निम्नलिखित पदों के लिए भारतीय नागरिकों, नेपाल और भुटान की प्रजा, तिब्बत शरणार्थी (भारत में 1 जनवरी 1962 से पहले आए हुए), और भारतीय मूल के व्यक्ति जो वर्मा और श्रीलंका से भारत में स्थायी रूप से बसने के इरादे से आये हैं और उनके पक्ष में भारत सरकार द्वारा जारी किया गया पात्रता प्रमाण-पत्र हो, से आवेदन पत्र आमंत्रित किए जाते हैं।

क्र.सं.	पद का नाम	रिक्तियों की संख्या				कुल
		सामान्य	अनुसूचित जाति (अजा)	अनुसूचित जनजाति (अजजा)	अन्य पिछड़ा वर्ग (अपवि)	
1.	सहायक प्रबंधक (सुरक्षा) ग्रेड 'ए'	13	04	01	08	26
2.	सहायक प्रबंधक (राजभाषा) ग्रेड 'ए'	08	01	01	02	12*

(*) एक पद बधिर के लिए आरक्षित है। तथापि अस्थि रूप से विकलांग (अवि)/दृष्टिहीन विकलांग (दृवि) के उम्मीदवार भी आवेदन कर सकते हैं किंतु वे शुल्क को छोड़कर शारीरिक रूप से विकलांग (शावि) उम्मीदवारों पर लागू छुट/रियायत के लिए पात्र नहीं होंगे।

2. सहायक प्रबंधक (सुरक्षा) ग्रेड 'ए'

क) कार्य संबंधी अपेक्षाएं: उन्हे अग्रलिखित दायित्व सौंपे जाएंगे : (i) बैंक के कार्यालय भवनों में ट्रेजरों वाल्टों, गलियारों, प्रवेश और बर्हिगमन द्वारों आदि के लिए आंतरिक सुरक्षा व्यवस्था के बारे में पहरेदारी और चौकीदारी की व्यवस्था (ii) बैंक की संपत्ति की सुरक्षा/अनुरक्षण आदि (iii) इस प्रायोजन के लिए लगाए गए स्टाफ पर नियंत्रण।

ख) पात्रता मानदण्ड:

i) अनुभव (01/01/2008 को) उन्हे थल सेना/जल सेना/ वायु सेना में न्यूनतम 5 वर्ष की कमीशन-प्राप्त सेवा कर चुका कोई अधिकारी होना चाहिए । **(ii) आयु (01/01/2008 को)** 25 और 40 वर्ष के बीच (किसी भी श्रेणी को कोई छुट नहीं) ।

ग) चयन योजना : चयन साक्षात्कार के माध्यम से होगा । साक्षात्कार के लिए बुलाये जानेवाले उम्मीदवारों की संख्या को रिक्तियों की संख्या के समानुपातिक रूप में सीमित करने की दृष्टि से अनुभव की न्यूनतम सीमा को बढ़ाए जाने का अधिकार बोर्ड के पास सुरक्षित है ।

3. सहायक प्रबंधक (राजभाषा) ग्रेड 'ए'

क) कार्य संबंधी अपेक्षाएं:

i) बैंक के विभिन्न संदर्भों, दस्तावेजों, मैनुअल और अन्य प्रकाशनों का अंग्रेजी से हिन्दी में अनुवाद और उसके विपरीत तथा इसके मूद्रण की व्यवस्था करना;

ii) हिन्दी के प्रयोग के संबंध में सरकार के अनुदेशों का कार्यान्वयन;

iii) बैंक के स्टॉफ के लिए हिन्दी शिक्षण योजना की व्यवस्था ।

ख**)** शैक्षिक योग्यताएं

i) स्नातक स्तर पर एक विषय के रूप में अंग्रेजी के साथ हिन्दी /हिन्दी अनुवाद में स्नातकोत्तर की डिग्री **या**

ii) स्नातक स्तर पर एक विषय के रूप में हिन्दी के साथ अंग्रेजी में द्वितीय श्रेणी की स्नातकोत्तर की डिग्री या

iii) स्नातक स्तर पर एक विषय के रूप में हिन्दी और अंग्रेजी के साथ संस्कृत/अर्थशास्त्र/वाणिज्य में स्नातकोत्तर की डिग्री । (स्नातक स्तर पर हिन्दी विषय के बदले स्नातक स्तर के समकक्ष मान्यताप्राप्त हिन्दी योग्यता) या

iv) हिन्दी/ हिन्दी अनुवाद और अंग्रेजी दोनों में स्नातकोत्तर की डिग्री जिसमें से एक द्वितीय श्रेणी की होनी चाहिए ।

वांछनीयः द्विभाषी शब्द संसाधन का ज्ञान

ग) **अनुभव (**01**/**01**/**2008 को**)**

आवश्यकः किसी राष्ट्रीय या राज्य स्तरीय साप्ताहिक/समाचार पत्र या किसी सरकारी/अर्ध सरकारी कार्यालय या किसी स्वायत निकाय/उपक्रम आदि में अंग्रेजी से हिन्दी अनुवाद या उसके विपरीत या शब्दावली निर्माण में कम से कम तीन वर्ष का अनुभव ।

वांछनीयः

i) स्नातक स्तर पर भाषा**/**किसी अन्य मार्डन भारतीय भाषा**/**संस्कृत का अध्ययन**,**

ii) साहित्यक कार्य का प्रकाशन

घ) **आयु (दि.01/01/2008 को):** (i) 30 वर्ष से अधिक नहीं । पीएच डी योग्यता रखने वाले उम्मीदवारों के लिए उपरी आयु सीमा 32 वर्ष । विशिष्ट श्रेणियों के लिए आयु सीमा में छूट के लिए निम्नलिखित मद 5 देखें ।

ङ**) चयन योजना:** चयन लिखित परीक्षा और साक्षात्कार द्वारा किया जाएगा । लिखित परीक्षा **20 अप्रैल 2008** रविवार को आयोजित की जाएगी । लिखित परीक्षा अंग्रेजी से हिन्दी और उसके विपरीत अनुवाद करने तथा उनके वाणिज्य, अर्थशास्त्र, बैंकिंग से संबंधित

तकनीकी संदर्भों का व्यापक अर्थ के साथ अंग्रेजी की तुलना में हिन्दी शब्दावली का ज्ञान और संबंधित विषयों के संबंध में उम्मीदवारों की योग्यता का मूल्यांकन करने के लिए तथा स्वंय को हिन्दी और अंग्रेजी में व्यक्त करने की योग्यता पर 100 पूर्णांक के साथ 3 घंटों का होगा । जो उम्मीदवार लिखित परीक्षा में अर्हता प्राप्त करेंगे उन्हें ही अंतिम चयन हेतु साक्षात्कार के लिए बुलाया जाएगा ।

4) परीक्षा केंद्रः

लिखित परीक्षा निम्नलिखित केन्द्रों पर आयोजित की जाएगी (कोड नं. कोष्टक में दी गई है)

केन्द्र का नाम	कोड नं.	केन्द्र का नाम	कोड न.
अहमदाबाद	(11)	जयपुर	(20)
बंगलूर	(12)	जम्मू	(21)
भोपाल	(13)	कानपुर	(22)
भूवनेश्वर	(14)	मुंबई	(25)
कोलकाता	(15)	नागपुर	(26)
चंडीगढ़	(16)	नई दिल्ली	(27)
चेन्नै	(17)	पटना	(29)
गुवाहाटी	(18)	तिरूवनंतपुरम	(31)
हैदराबाद	(19)		

5) ऊपरी आयु सीमा में छूट:

ऊपरी आयु सीमा में छूट इस प्रकार है :

क) अ.पि.व. के उम्मीदवारों के मामले में 3 वर्ष

ख) निम्नलिखित के मामले में 5 वर्ष

i) अ.जा./अ.ज.जा उम्मीदवारों के लिए

ii) रोजगार केन्द्र के माध्यम से आवेदन करने वाले जो बैंकिंग संस्थाओं के भूतपूर्व कर्मचारी थे, जिनकी सेवाएं मितव्ययता के कारण या बैंक के परिसमापन के परिणामस्वरूप समाप्त कर दी गई थी और जिनकी एक वर्ष की सेवा करने के पश्चात सरकारी कार्यालयों से छटनी के कारण सेवाएं समाप्त कर दी गई थी ।

iii) वे भूतपूर्व सैनिक (आपातकालीन कमीशन-प्राप्त अधिकारियों/अल्पावधि सेवा कमीशन प्राप्त अधिकारियों सहित) बशर्ते आवेदनकर्ता ने सेना में लगातार कम से कम 5 वर्ष की सेवा की हो और जो निर्दिष्ट कार्यकाल पूरा होने पर सेवामुक्त किये गये हैं (इनमें वे भी शामिल हैं जिनका कार्यकाल एक वर्ष में पूरा होने वाला है) किंतु इनमें वे भूतपूर्व सैनिक शामिल नहीं है जिन्हें कदाचार या अकुशलता या शारीरिक अक्षमता के कारण सेवामुक्त किया गया है अथवा जो सैन्य सेवा से संबंधित अपंगता या अशक्ता के कारण से सेवामुक्त कर दिये गए हों।

iv) ऐसे आपातकालीन कमीशन-प्राप्त अधिकारी/अल्पावधि सेवा कमीशन-प्राप्त अधिकारी जो पांच वर्ष की मिलीटरी सेवा में प्रारंभिक काल पूरा कर चुके हों लेकिन जिनका कार्यकाल पांच वर्ष से अधिक अवधि के लिए बढ़ा दिया गया हो तथा जिनके मामले में रक्षा मंत्रालय से इस आशय का प्रमाणपत्र जारी किया गया हो कि चयन होने पर और नियुक्ति का प्रस्ताव होने की तारीख से तीन महीने के भीतर ही उन्हें कार्यमुक्त कर दिया जाएगा।

v) वे उम्मीदवार जो 1 जनवरी 1980 और 31 दिसंबर 1989 के बीच की अवधि में सामान्यत: जम्मू और काश्मीर डिवीजन के अधिवासी रहे हों।

ग) बधिर (सामान्य) के लिए 10 वर्ष, बधिर (अन्य पिछड़ा वर्ग) के लिए 13 वर्ष, और बधिर (अजा/अजजा) के लिए 15 वर्ष।

टिप्पणी : आयु सीमा में संचयी छूट उपर्युक्त मदों के अंतर्गत दर्शायी गई अन्य आयु सीमा की छूटों को मिलाकर नहीं दी जाएगी।

6. <u>सेवा की शर्तें/कैरियर-संभावनाएं :</u>

i) वेतनमान: रुपये 11250-700-18950-द.रो.-700-21750-750-22500. तैनाती स्थान के आधार पर कुल प्रारंभिक परिलब्धियां लगभग 18,300/- रुपये प्रति माह होंगी।

ii) इन पदों के साथ भविष्य निधि, पेंशन, ग्रैच्युटी, छुट्टी, छुट्टी किराया रियायत और चिकित्सा सुविधाओं के लाभ जुड़े हुए हैं।

iii) कुछ केंद्रों में सीमित संख्या में आवासीय क्वार्टर की सुविधा उपलब्ध है। किंतु, पट्टे पर आवासीय सुविधा सभी केंद्रों में उपलब्ध है।

iv) प्रारंभिक नियुक्ति दो वर्ष की अवधि के लिए परिवीक्षा पर होगी जो बैंक के विवेकानुसार अधिकतम चार वर्षों की अवधि तक बढ़ाई जा सकती है।

v) उच्चतर ग्रेडों में पदोन्नति की पर्याप्त संभावनाएं हैं।

vi) चुने गए उम्मीदवारों को भारत में कहीं भी तैनात और स्थानांतरित किया जा सकता है।

टिप्पणी: सहायक प्रबंधक (राजभाषा) के पद हेतु जो उम्मीदवार बैंक के लिए उच्च शैक्षिक योग्यता या व्यवसायिक योग्यता/अनुभव रखते हों उन्हें बैंक अपने विवेक पर चार अग्रिम वेतन-वृद्धियां देने पर विचार कर सकता है।

<u>7) आवेदन शुल्क:</u> प्रत्येक पद के लिए **100/- रूपये (एक सौ रूपये मात्र)**। अजा/अजजा/शावि उम्मीदवारों के लिए कोई शुल्क देय नहीं है। शुल्क का भुगतान मुंबई में देय तथा **भारतीय रिज़र्व बैंक** के पक्ष में आहरित डिमांड ड्राफ्ट से किया जाए। उम्मीदवारों को उनके नाम और पता डिमांड

ड्राफ्ट के दूसरी तरफ और पोस्टल आर्डर के लिए (यदि शुल्क का भुगतान किया जाना है) मुहैया कराये गये स्थान पर लिखना चाहिए और इसे आवेदन पत्र में पिन (स्टेपल न करें) की सहायता संलग्न करें । तथापि, जिन स्थानों पर बैंक नहीं है उन स्थानों के उम्मीदवार शुल्क का भुगतान भारतीय रिज़र्व बैंक के पक्ष में आहरित तथा प्रधान डाकघर मुंबई में देय रेखांकित भारतीय पोस्टल आर्डर के माध्यम से कर सकते हैं । उचित आवेदन-पत्र के साथ नहीं भेजे गये गए शुल्क या किसी अन्य तरीके से किया गया भुगतान स्वीकार नहीं किया जाएगा । एक बार शुल्क का भुगतान किये जाने पर उसे लौटाया नहीं जाएगा ।

8. सामान्य नियम/अनुदेश :

i) संबंधित पदों के लिए अलग-अलग आवेदन-पत्र का प्रारूप इस विज्ञापन के अंत में दिए गए हैं। उम्मीदवारों को लागू आवेदन के अनुरूप ही आवेदन करना चाहिए।

ii) आवेदन पत्रों के साथ्ा निर्धारित शुल्क (जब तक छुट न दी गई हो) नहीं होने पर या जो आवेदन-पत्र अपूर्ण होंगे उसे स्वीकार नहीं किया जाएगा तथा इस संबंध में भविष्य में कोई पत्राचार बोर्ड द्वारा नहीं किया जाएगा ।

iii) उम्मीदवार अपने आवेदन-पत्र के साथ कोई भी प्रमाणपत्र या उसकी प्रतियां न जोड़ें। आवेदन-पत्र में दी गई जानकारी के आधार पर ही उनकी उम्मीदवारी पर विचार किया जायेगा । किसी भी स्तर पर यदि यह पाया गया कि आवेदन-पत्र में दी गई कोई भी जानकारी झूठी/गलत है या बोर्ड के अनुसार उम्मीदवार पात्रता मानदंड को पूरा नहीं करता/करती है तो उसकी उम्मीदवारी/नियुक्ति निरस्त/समाप्त की जा सकती है ।

iv) सभी शैक्षिक अर्हताएं भारत या विदेश के मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालयों/संस्थाओं से प्राप्त की गई हों । यदि अंकों के बजाय ग्रेड प्रदान किया गया हो तो उम्मीदवार उनके समकक्ष अंक स्पष्ट रूप से अवश्य दें ।

v) उम्मीदवारों को यह सुनिश्चित कर लेना चाहिए कि वे आवेदित पद के पात्रता मानदंडों को सभी प्रकार से पूरा करते हैं । अधिकारी पद के लिए आवेदन करने वाले सभी उम्मीदवारों के आवेदन पत्र अपेक्षित शुल्क (जहां कहीं लागू हो) के साथ होने पर ही बोर्ड आवेदन पत्र में किये गये घोषणा के आधार पर लिखित परीक्षा (सहायक प्रबंधक (राजभाषा) ग्रेड ए के पद के लिए) के लिए प्रवेश देगा और उनके पात्रता मानदंडों की जाँच केवल अंतिम स्तर अर्थात साक्षात्कार के लिए बुलाये जाने के समय ही करेगा ।

vi) ऐसे उम्मीदवार जो पहले से सरकारी/अर्ध-सरकारी संगठनों और सरकारी क्षेत्र के बैंकों/उपक्रमों में सेवारत हैं, उन्हें साक्षात्कार के समय अपने नियोक्ता से **'अनापत्ति प्रमाणपत्र'** प्रस्तुत करना होगा । भारतीय रिज़र्व बैंक में नियुक्ति से पहले पूर्व के नियोक्ता से एक उचित सेवा-मुक्ति प्रमाणपत्र प्रस्तुत करना होगा । यदि आवेदन-पत्र नियोक्ता के माध्यम से भेजा जाना अपेक्षित है और वह बोर्ड के कार्यालय में अंतिम तारीख के बाद प्राप्त होता है तो उस पर विचार नहीं किया जायेगा भले ही वह नियोक्ता को अंतिम तारीख से पहले प्रस्तुत किया गया हो । ऐसे मामलों में, "अग्रिम प्रति" लिखकर आवेदन पत्र बोर्ड के कार्यालय में सीधे शुल्क के साथ भेज दिया जाए और नियमित प्रति (बिना शुल्क के) नियोक्ता के माध्यम से भेजी जाए ।

vii) सहायक प्रबंधक (राजभाषा) के पद के लिए आवेदन करने वाले उम्मीदवार **केवल एक ही केन्द्र** का चयन कर सकते हैं जिसके नाम और कोड न. का उल्लेख आवेदन-पत्र में अवश्य किया जाए। लिखित परीक्षा के केन्द्र और तारीख में बोर्ड के विवेकानुसार परिवर्तन किया जा सकता है। किसी भी केन्द्र पर लिखित परीक्षा का आयोजन रद्द किये जाने की स्थिति में बोर्ड, अपने विवेक पर, संबंधित उम्मीदवारों को अन्य केन्द्र आबंटित कर सकता है। लिखित परीक्षा में प्रवेश पानेवाले उम्मीदवारों को लिखित परीक्षा की तारीख, समय-सारणी और स्थान की सूचना प्रवेशपत्र के माध्यम से दी जाएगी। उम्मीदवारों को प्रवेश पत्र के बिना लिखित परीक्षा में बैठने नहीं दिया जाएगा। **परीक्षा केन्द्र में परिवर्तन संबंधी किसी भी अनुरोध पर विचार नहीं किया जाएगा।**

viii) **यदि सहायक प्रबंधक (राजभाषा) ग्रेड ए के पद के लिए किसी उम्मीदवार को बोर्ड से लिखित परीक्षा के लिए प्रवेश पत्र प्राप्त नहीं होता है तो उसे परीक्षा की तिथि से दो दिन पहले एक नवीनतम पासपोर्ट आकार का फोटोग्राफ के साथ आवेदन पत्र में दर्शाये गये परीक्षा केन्द्र के अनुसार कार्यालयीन समय में भारतीय रिज़र्व बैंक के कार्यालय के प्रभारी से आवश्यक दिशानिर्देश के लिए संपर्क करना चाहिए। उपर्युक्त अनुदेशों का अनुपालन नहीं करने पर उम्मीदवार अपने किसी भी दावे से वंचित रहेगा।**

ix) उम्मीदवारों को लिखित परीक्षा में बैठने के लिए अपने खर्चे पर आना होगा। तथापि, साक्षात्कार के लिए बुलाये गये उम्मीदवारों को उनके आवास स्थान/कार्य के स्थान, जो भी निकट हो, से साक्षात्कार के स्थान तक आने और जाने के लिये लघुतम मार्ग द्वारा प्रथम श्रेणी/II एसी के वास्तविक रेल भाड़े की प्रतिपूर्ति की जायेगी।

x) उम्मीदवार अपने आवेदन-पत्र साधारण डाक द्वारा महाप्रबंधक, भारतीय रिज़र्व बैंक सर्विसेज़ बोर्ड, पोस्ट बॉक्स सं. 4618, मुंबई सेन्ट्रल डाकघर, मुंबई 400008 के पते पर भेजें। आवेदन-पत्र वाले लिफाफे पर आवेदित पद का नाम लिखें।

xi) बंद लिफाफे में आवेदन-पत्र भारतीय रिज़र्व बैंक के बोर्ड कार्यालय, मुंबई सेंट्रल रेल्वे स्टेशन के सामने, मुंबई सेंट्रल, मुंबई 400008 में इस प्रायोजन के लिए विशेषरूप से रखे गये बॉक्स में भी डाल सकते हैं।

xii) दोनों पद के लिए आवेदन करनेवाले उम्मीदवारों को उनके आवेदन-पत्र अलग-अलग लिफाफे में भेजना चाहिए।

xiii) बोर्ड के साथ पत्राचार करते समय प्रवेश-पत्र में दिया गया रोल नंबर अवश्य लिखें। (केवल सहायक प्रबंधक,राजभाषा के पद के लिए आवेदन करने वाले उम्मीदवारों पर लागू)

xiv) बोर्ड द्वारा उम्मीदवारों को अंक-सूची नहीं दी जाती है।

xv) सहायक प्रबंधक (सुरक्षा) ग्रेड "ए" के पद हेतु आवेदन करने वाले सभी उम्मीदवारों को साक्षात्कार में उनको बुलाये जाने या अन्यथा के बारे में यथा समय सूचित किया जायेगा।

xvi) यदि पते में कोई परिवर्तन हो तो उसकी सूचना बोर्ड को तत्काल दी जाए। यद्यपि, बोर्ड ऐसे परिवर्तनों पर ध्यान देने का पूरा प्रयास करेगा, परंतु इस संबंध में बोर्ड की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी, विशेषरूप से ऐसी स्थिति में जब सूचना प्राप्ति तिथि तथा परीक्षा तिथि में बहुत कम अंतर हो।

xvii) ये पद भारतीय रिज़र्व बैंक के उन कर्मचारियों (स्टॉफ उम्मीदवार) के लिए भी खुले है जो बैंक द्वारा अलग से निर्धारित पात्रता मानदंडों को पूरा करते हैं।

xviii) आवेदन करने के लिए अपनी पात्रता के संबंध में उम्मीदवारों से प्राप्त पत्रों पर बोर्ड विचार नहीं करेगा।

xix) किसी भी प्रकार की अनुयाचना उम्मीदवार की अयोग्यता मानी जाएगी।

xx) पात्रता, परीक्षा के संचालन, साक्षात्कार, मूल्यांकन, रिक्तियों की संख्या को ध्यान में रखते हुए लिखित परीक्षा एवं साक्षात्कार में न्यूनतम अर्हता मानक निर्धारित करने और परिणामों की सूचना देने से संबंधित सभी मामलों में बोर्ड का निर्णय अंतिम तथा उम्मीदवारों के लिए बाध्यकारी होगा तथा इस संबंध में कोई पत्राचार नहीं किया जायेगा।

9. <u>आवेदन प्रस्तुत करना:</u>

(i) सहायक प्रबंधक (सुरक्षा) ग्रेड 'ए' / सहायक प्रबंधक (राजभाषा) ग्रेड 'ए' के पद के लिए आवेदन करने वाले उम्मीदवारों को अपने आवेदन-पत्र निर्धारित फार्मेट में भेजें। लिफाफे पर "सहायक प्रबंधक (सुरक्षा) ग्रेड 'ए' के लिए आवेदन-पत्र या "सहायक प्रबंधक (राजभाषा) ग्रेड 'ए' के लिए आवेदन-पत्र जो लागू हो लिखा जाना चाहिए और इसे साधारण डाक के जरिये महाप्रबंधक, भारतीय रिज़र्व बैंक, सर्विसेज़ बोर्ड, पोस्ट बैग नं. 4618 मुंबई सेंट्रल डाक कार्यालय, मुंबई **400 008** के पते पर भेजे जाने चाहिए।

ii) दोनों पद के लिए आवेदन करनेवाले उम्मीदवारों को उनके आवेदन-पत्र अलग-अलग लिफाफे में भेजना चाहिए।

iii) आवेदन पत्र साधारण डाक के जरिये महाप्रबंधक, भारतीय रिज़र्व बैंक सर्विसेज़ बोर्ड, पोस्ट बॉक्स सं. 4618 के पते पर भेजे जाने चाहिए।

(iv) उम्मीदवार अपने आवेदनपत्र **<u>बंद लिफाफे में</u>** भारतीय रिज़र्व बैंक, मुंबई सेंट्रल स्टेशन के सामने, भायखला, मुंबई 400008 स्थित बोर्ड कार्यालय में इस प्रायोजन के लिए विशेष रूप से रखे गए बक्से में भी डाल सकते हैं।

10. <u>अंतिम तारीख:</u>

i) आवेदन-पत्र बोर्ड कार्यालय में 03/03/2008 तक पहुंच जाना चाहिए।

ii) विदेश में, असम, अरुणाचल प्रदेश, मणिपुर, मेघालय, मिज़ोरम, नागालैंड, सिक्किम, त्रिपुरा, जम्मू और कश्मीर राज्य के लद्दाख मंडल, हिमाचल प्रदेश के लाहौल और स्पीति जिले तथा चंबा जिले के पांगी उप-मंडल, अंडमान और निकोबार द्वीप समूह तथा लक्षद्वीप में रहनेवाले उम्मीदवारों से <u>केवल डाक से</u> प्राप्त आवेदनपत्रों के मामले में प्राप्ति की अंतिम तारीख 10<u>/03/2008</u> होगी। डाक के अलावा अन्य किसी प्रकार से प्राप्त आवेदन-पत्र के मामले में बढ़ाई गई समय-सीमा का लाभ नहीं मिलेगा। आवेदन-पत्र की प्राप्ति में विलंब अथवा डाक में उसके खो जाने के मामले में बोर्ड की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी।

11. <u>आवेदन पत्र प्रस्तुत करने के लिए जांच-सूची</u>

i) नीचे दिए गए आवेदन-पत्र के फार्म का उपयोग आवेदन-पत्र के रूप में नहीं किया जाए।

ii) आवेदन पत्र निर्धारित फार्मेट के अनुरूप ही होना चाहिए तथा अच्छी क्वालिटी वाले फूलस्केप कागज पर हिंदी या अंग्रेजी में टाइप किया हुआ अथवा हाथ से साफ-साफ अक्षरों में लिखा हुआ होना चाहिए तथा इस पर नवीनतम हस्ताक्षरित पासपोर्ट आकार का फोटो चिपकाया जाना चाहिए। जो आवेदन पत्र निर्धारित फार्मेट में नहीं होगा उसे अस्वीकृत कर दिया जाएगा।

iii) चूंकि प्रोसेसिंग का काम कंप्यूटरीकृत है, इसलिए नाम और पता केवल अंग्रेजी के बड़े (कैपिटल) अक्षरों में लिखा जाए।

iv) उम्मीदवार अपने नाम और पता डिमांड ड्राफ्ट के दूसरी ओर /इस प्रायोजन के लिए पोस्टल आर्डर में दिये गए स्थान पर (यदि शूल्क भुगतान योग्य है) लिखें और इसे आवेदन-पत्र के साथ पिन के जरिए संलग्न (स्टेपल नहीं किया जाना चाहिए) करे।

v) **उम्मीदवार यह सुनिश्चित करें कि सभी प्रविष्टियां सही ढंग से भरी गई हैं और आवेदन-पत्र पर हस्ताक्षर किए गए हैं।**

vi) आवेदन-पत्र जिस लिफाफे में भेजा जा रहा है उस पर आवेदित पद का नाम लिखें।

vii) दोनों पद के लिए आवेदन करनेवाले उम्मीदवारों को उनके आवेदन-पत्र अलग-अलग लिफाफे में भेजना चाहिए।

viii) आवेदन-पत्र साधारण डाक के जरिए महाप्रबंधक, भारतीय रिज़र्व बैंक सर्विसेज़ बोर्ड, पोस्ट बॉक्स सं. 4618, मुंबई सेंट्रल, मुंबई – 400008 के पते पर भेजे जाने चाहिए। आवेदन-पत्र बंद लिफाफे में भारतीय रिज़र्व बैंक, मुंबई सेंट्रल रेल्वे स्टेशन के सामने मुंबई 400008, स्थित बोर्ड कार्यालय में इस प्रायोजन के लिए विशेष रूप से रखे गये बॉक्स में भी डाल सकते हैं।